(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो सरकार पंजाब के गांवों तथा सीमावर्ती क्षेत्रों के युवकों को तकनीकी शिक्षा प्रदान करने हेतु क्या-क्या प्रभावकारी उपाय कर रही है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुही राम सैकिया): (क) और (ख) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों/केन्द्रों की स्थापना का उत्तरदायित्व राज्य सरकार का है। पंजाब सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, जालन्धर शहर में किसी नए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना का कोई प्रस्ताव उनके विचाराधीन नहीं है क्योंकि जालंधर शहर में पांच सरकारी औद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थान और गैर-सरकारी क्षेत्र में 4 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पहले ही कार्यरत हैं।

(ग) पंजाब में एन०सी०वी०टी० से संबद्ध 100 औद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थान पहले ही कार्य कर रहे हैं और अगले वर्ष 13 अन्य औद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थानों के संबद्ध दिए जाने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, सीमावर्ती क्षेत्रों में रुचिको (अमृतसर), कालानौर-(गुरदासपुर) और जलालाबाद (फिरोजपुर) में 3 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पहले ही कार्यरत हैं और लोपोक (अमृतसर) और बामयाल (गुरदासपुर) में दो और खोले जा रहे हैं।

Electrification of Rail Lines in Kerala

2284. SHRI JOY NADUKKARA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) the total length of electrified rail line in the country and its length in Kerala;

(b) whether any electrification work is in progress in Kerala; if so, its present position; and

(c) whether Government have taken steps to electrify more lines in Kerala?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI RAM VILAS PASWAN): (a) There are 13035 route kilometre of railway lines electrified in India and out of this figure 30 route kilometre is in Kerala as on 31.10.96.

(b) and (c) The electrification work of Walayar-Ernakulam including Cochin Harbour Terminus section (i.e. part of Erode-Ernakulam Project) has been taken up and the entire section is targetted for completion by March, 98 provided adequate funds are made available in time.

वन भूमि में फलों के पेड़ों का लगाया जाना

2285. **श्री अजीत जोगी:** क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार फलों के उत्पादन को बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण की स्थिति में सुधार लाने के लिए वन भूमि में फलों के पेड़ लगाने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन जयनारायण प्रसाद निषाद): (क) से (ग) वन भूमि पर फलदार वृक्ष तभी लगाए जा सकते हैं जब लगाई जाने वाली प्रजाति देशी हों और यह रोपण कार्य प्रश्नगत वन क्षेत्र के समग्र वनीकरण कार्यक्रम का एक हिस्सा हो। तथापि, प्रजातियों का चयन कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा किया जाता है जिसमें जलवायु तथा मृदा परिस्थितियों को ध्यान में रखा जाता है।

Settling of Claims of Deceased employees of Delhi University

2286. SHRI RAJ NATH SINGH: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the authorities of the Delhi University take unduly long time in settling the claims of the families of deceased employees;

(b) if so, whether any guidelines have been issued to settle such claims within a definite period;

(c) the time-limit generally prescribed to settle such claims;

(d) whether violations of such guidelines have come to notice of Government; and

(e) the steps proposed to be taken to settle claims of such families at the earliest?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF EDUCATION IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI MUHI RAM SAIKIA): (a) according to the information furnished by the University of Delhi, as soon as a claim is received from the family members